◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

NEED24 NEWS
हर ख़बर, हर शहर

नीड 24 न्यूज़

हर खबर, हर शहर

◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

DIGITAL E-PAPER

PRGI APPLICATION
UNDER PROCESS
Application No.
T/GJ/2026/0619/2304/1577

GST
GSTIN
24CINPG0564Q1ZT

UDYAM REGISTERED
UDYAM-GJ-14-0003714

◆ DIGITAL NEWS NETWORK ◆
भारत का भरोसेमंद बहुभाषी डिजिटल न्यूज़ नेटवर्क
11+ Languages | 24×7 Live | e-Paper Daily

हमारा App डाउनलोड करें
Download on the App Store
GET IT ON Google Play

www.need24.digital
info@need24.in
+91 98700 06472
FOLLOW US:

तेज़ | सटीक | निष्पक्ष | जनहित में | सच की आवाज़ | जन-जन की आवाज़ | निडर पत्रकारिता

BIHAR | नीड 24 न्यूज़ · हर खबर, हर शहर | 17 नवम्बर 2026

योगापट्टी में नवविवाहिता की संदिग्ध स्थिति में मौत, एफएसएल टीम ने जुटाए साक्ष्य



योगापट्टी (पश्चिम चंपारण)। योगापट्टी थाना क्षेत्र के अमैठिया वृत्ति टोला गांव में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान राजू कुमार की पत्नी सोनी देवी (19 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि उनकी शादी करीब एक वर्ष पूर्व हुई थी। जानकारी के अनुसार, सोनी देवी की शादी दूधिया गांव निवासी सुदामा प्रसाद की पुत्री के साथ हुई थी। घटना को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद होने की बात भी सामने आ रही है। हालांकि, महिला की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। इसके बाद एफएसएल टीम को घटनास्थल पर बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल से नमूने और अन्य जरूरी साक्ष्य एकत्र किए, ताकि मौत की परिस्थितियों का पता लगाया जा सके। थानाध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह ने बताया कि एफएसएल टीम से घटनास्थल की जांच कराई गई है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए बेतिया स्थित जीएमसीएच भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और एफएसएल जांच रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

— Amit kumar

धर्म

जेडीयू के वरिष्ठ नेता ख़्वाजा शाहिद ने छठ पूजा के महापर्व में बारसोई के घाटों का भ्रमण किया



जेडीयू के प्रदेश सलाहकार समिति के सदस्य एवं वरिष्ठ नेता ख़्वाजा शाहिद ने छठ पूजा के जल और सूर्य उपासना के महापर्व के उपलक्ष्य में बारसोई के विभिन्न घाटों का भ्रमण किया। उन्होंने पूजा के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं को शुभकामनाएँ दीं और इस पवित्र त्यौहार के महत्व को रेखांकित किया।

ख़्वाजा शाहिद ने कहा कि इस अवसर पर सभी समुदायों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। उन्होंने बारसोई प्रशासन द्वारा सभी घाटों पर स्थापित सफाई और सुरक्षा व्यवस्था की प्रशंसा की, जिससे पूजा का माहौल सुगम और सुरक्षित रहा।

इस कार्यक्रम में जेडीयू के अन्य वरिष्ठ नेता श्री मनोज कुमार साह एवं महाराज श्री राजेश कुमार मिश्रा भी उपस्थित थे। साथ ही बारसोई प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल पदाधिकारी, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता श्री कृष्धन सूत्रधार ने भी समारोह में भाग लिया।

उपस्थित सभी dignitaries ने इस बात पर बल दिया कि छठ पूजा जैसे धार्मिक महापर्वों में प्रशासनिक सहयोग और सामाजिक एकता का महत्व अत्यधिक है, जिससे भविष्य में भी ऐसे आयोजन सुगमता से संपन्न हो सकें।

— MD JAMIL AKHTAR

चार दिन से लापता छात्र कटरा स्टेशन पर मिला: सकुशल लौटने पर परिवार में खुशी



योगापट्टी थाना क्षेत्र के डूमरी गांव से चार दिनों से लापता 13 वर्षीय छात्र ओम बाबू उर्फ आशिक कटरा रेलवे स्टेशन पर मिला। स्टेशन पुलिस की मदद से वह घर पहुंचा। पिता प्रभु प्रसाद ने बताया कि छात्र नशे की हालत में था। ओम बाबू के घर लौटने पर मां रानी देवी और पिता प्रभु प्रसाद ने राहत की सांस ली। परिवार ने सहयोग करने वाले लोगों और कटरा स्टेशन पुलिस का आभार जताया। परिजनों ने मीडिया को फोन कर धन्यवाद भी दिया।प्रभु प्रसाद के मुताबिक, छात्र घर से कटरा रेलवे स्टेशन कैसे पहुंचा और वहां किन हालात में मिला, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। बीते 12 नवंबर की सुबह करीब पांच बजे ओम बाबू कोचिंग जाने की तैयारी कर रहा था। इसी दौरान वह घर से लापता हो गया। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। उन्होंने आसपास के गांवों, रिश्तेदारों और परिचितों से पूछताछ की, लेकिन उसका पता नहीं चला। इसके बाद प्रभु प्रसाद ने योगापट्टी थाने में आवेदन देकर बेटे को खोजने की गुहार लगाई थी। ओम बाबू बैजनाथ उच्च विद्यालय, लक्ष्मीपुर में नौवीं कक्षा का छात्र है। बेटे के लापता होने के बाद रानी देवी परेशान थीं। छठ महापर्व के दौरान वह छठी मैया से बेटे की सकुशल वापसी की प्रार्थना कर रही थीं। बेटे के घर लौटने के बाद परिवार में खुशी का माहौल है।

— Amit kumar

धर्म

देव सूर्य मंदिर पहुंची उड़ीसा के डी जी पी की पत्नी



देव पहुंचीं ओडिशा DGP की पत्नी ममता मिश्रा - कुष्ठ निवारण तालाब में दिया प्रथम अर्घ्य, बोलीं "देव का सूर्य मंदिर पूरी दुनिया में अद्वितीय, यहां बरसती है सूर्य की असीम कृपा

औरंगाबाद बिहार से अवनीश कुमार की रिपोर्ट

आस्था के महापर्व छठ के प्रथम अर्घ्य पर आज भगवान भास्कर की नगरी देव में एक खास मेहमान पहुंचीं। ओडिशा के डीजीपी बिनायतोष मिश्रा की धर्मपत्नी ममता मिश्रा ने कुष्ठ निवारण तालाब में डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया।

अर्घ्य के बाद उन्होंने त्रेतायुगीन निर्मित प्राचीन एवं ऐतिहासिक पश्चिममुखी सूर्य मंदिर में भगवान भास्कर के तीनों रूपों के दर्शन किए। मंदिर प्रांगण में मंदिर कमेटी ने उन्हें अंगवस्त्र और भगवान भास्कर का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। उनके साथ आईं उनकी माता जी का भी भव्य स्वागत किया गया।

देव से जुड़ा रहस्य खोला

पत्रकारों से बातचीत में ममता मिश्रा ने देव से जुड़ा एक ऐसा रहस्य बताया, जो औरंगाबाद वासियों के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा, कार्तिक मास के ये चार दिन भगवान सूर्य की असीम कृपा कुष्ठ निवारण तालाब में बरसती है। इसे हम ही नहीं, हिंदू शास्त्र और विज्ञान दोनों मानते हैं।

उन्होंने बताया कि जब औरंगाबाद जिला बना था, तब उनके पिता यहां डीडीसी के रूप में सेवा दे चुके हैं। उन्होंने कहा, आज मैं अपने आप को भाग्यशाली समझती हूं कि आप सभी के प्रेम और भगवान भास्कर की कृपा से मुझे उनका आशीर्वाद लेने का सौभाग्य मिला है।

उन्होंने कहा कि छठ पर्व औरंगाबाद से निकलकर आज पूरे विश्व में फैल गया है और देव मंदिर तथा कुष्ठ निवारण तालाब की महिमा की चर्चा आज पूरी दुनिया में है। उन्होंने इस अवसर पर पूरे जिला वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं दीं।

बाइट ममता मिश्रा, धर्मपत्नी, डीजीपी, ओडिशा

ममता मिश्रा के देव आगमन से छठ महापर्व की भव्यता और भी बढ़ गई।

— Awanish Kumar

अपराध

जमीनी विवाद में हुई चाकूबाजी कि घटना में एक कि मौत



मोतिहारी से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

छठ महापर्व की खुशियां मातम में बदलीं, जमीनी विवाद में चाकूबाजी से एक की मौतप्रतिशोध में दूसरे पक्ष के घर पर हमला, तोड़फोड़ और कई बाइक क्षतिग्रस्त; पुलिस बल तैनात मोतिहारी के सुगौली थाना क्षेत्र के करमवां-रघुनाथपुर पंचायत में चर्चा के अनुसार जमीनी विवाद को लेकर हुई चाकूबाजी की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि चाकू लगने से चंद किशोर यादव की मौत हो गई। वहीं, घटना के बाद प्रतिशोध में मृतक पक्ष के लोगों ने कथित तौर पर चाकू मारने के आरोपी ज्वाला प्रसाद के घर पर हमला बोल दिया। इस दौरान ज्वाला प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि घर में जमकर तोड़फोड़ की गई और कई बाइक भी क्षतिग्रस्त कर दी गईं।

घटना की सूचना मिलते ही सुगौली थानाध्यक्ष अनीश कुमार सिंह और पुलिस निरीक्षक मुन्ना कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए भेजा, जबकि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। सूचना पर एसडीपीओ-1 दिलीप कुमार समेत अन्य थानों की पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है। फिलहाल पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में बताया है और मामले की जांच जारी है।

बाईट एसडीपीओ सदर 1 दिलीप कुमार

— Awanish Kumar

आरा मोहनिया नेशनल हाईवे पर दो बाइक कि हुई टक्कर में एक व्यक्ति कि हुई मौत



आरा से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

दो बाइक कि हुई टक्कर में

आरा-मोहनिया नेशनल हाईवे पर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के नयका टोला स्थित जिओ पेट्रोल पंप के समीप दो बाइक की आपसी टक्कर हो गई। हादसे में एक बाइक पर सवार अधेड़ की मौत हो गई। इलाज के दौरान सदर अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में उन्होंने दम तोड़ दिया। जबकि दूसरा बाइक सवार भी जख्मी हो गया। जिसका इलाज परिजन द्वारा निजी अस्पताल में अपने स्तर से कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार मृतक जगदीशपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर विशुन टोला निवासी स्व. शिव पूजन साव के 48 वर्षीय पुत्र शिवजी साव है। वह पेशे से दुकानदार थे एवं जगदीशपुर बाजार पर पर्दा एवं बिछावन का दुकान चलाते थे। जबकि जख्मी दूसरा बाइक सवार एक अन्य युवक है।

— Awanish Kumar

पटना सिटी इलाके के आलमगंज थाना क्षेत्र के बिस्कोमान आर ओ बी पुल के पास फोर व्हीलर ने ऑटो में मारी टक्कर जिसमें तीन लोग घायल हो गए



पटना से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

राजधानी पटना के पटना सिटी क्षेत्र के आलमगंज थाना बिस्कोमान आरोवी पुल के पास फोर व्हीलर वाहन ने ऑटो में जबरदस्त ठोकर मारा हे जिसमें दो महिला एक बच्चे बैठे हुए थे बाल बाल बच्चे हैं दोनों को चोटे आई है बताया जाता है की छट के समय में गांधीनगर से ऑटो मे रिजर्व किया और परिवार को लेकर जा रहे थे उसी वक्त कार में आरोवी पुल कुम्हारार से बिस्कोमान की उतरते वक्त में एक फोर व्हीलर में जबरदस्त ठोकर मारी है जिसमें एक बच्चे को चोटे आई है इसमें दो महिला बैठी उन्हें चोट आई है ओटो चालक ने बताया है कि गाड़ी का नंबर यह इसी ने धक्का मारा है जिससे मेरा पूरा गाड़ी टुट गया हे लोग बैठे थे उन्होंने चोट लगा हे मुझे भी चोटे आई है आलमगंज थाना को सूचना दिया गया

वाइट घायल ऑटो चालक

— Awanish Kumar

धर्म

पटना सिटी के क्षेत्र के भद्र घाट से मां काली कि भव्य शोभा यात्रा निकाला गया



पटना से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

राजधानी पटना के पटना सिटी क्षेत्र के आलमगंज थाना के भद्रघाट से मां काली का विशाल शोभा यात्रा निकाला गया लगातार कई वर्षों से यहां महाकाली का पूजा अर्चना किया जाता है और शोभा यात्रा में काफी संख्या में बैंड बाजे ऊंट घोड़ा शोभा यात्रा में शामिल होते हैं वहीं हजारों की संख्या में महिलाएं भी महाकाली के साथ भजन कीर्तन के साथ नाचते झूमते चलती है और प्रशासन की ओर से भी काफी व्यवस्था किया जाता है क्योंकि यह शोभा यात्रा कई किलोमीटर से होते हुए क्षेत्र को भ्रमण करती हैं और तमाम जगह इनका आरती का आयोजन भी किया जाता है माता का पूजा अर्चना करते हैं लोग हर एक नुक्कड़ चौराहे पर मां काली का आरती उतार कर उन्हें चुनरी भेंट की जाती है वहीं आयोजन कर्ता के द्वारा बताया गया कि यहां लगातार कई वर्षों से महाकाली की पूजा अर्चना की जाती है और काफी संख्या में श्रद्धालु इकट्ठे होकर माता के साथ-साथ चलते हैं भजन कीर्तन का भी आनंद उठाते हैं नाचते गाते मां काली की पूजा अर्चना करते हुए शोभा यात्रा निकाली जाती ह।

— Awanish Kumar

स्थानीय

कटोरिया के तेलंगवा में नया छठ घाट भव्य रूप से उद्घाटित, श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी



कटोरिया प्रखंड के तेलंगवा गांव में छठ पूजा के पावन अवसर पर नवनिर्मित छठ घाट का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर गाँव के सभी वर्गों के लोग एकत्रित होकर समारोह में भाग लिये।

श्रद्धा और भक्ति भाव प्रदर्शित किया तथा छठ महापर्व को शांति और हर्षोल्लास के साथ संपन्न किया। घाट पर अर्घ्य, संध्या अर्घ्य तथा सूर्य अर्घ्य सहित सभी अनुष्ठान पारम्परिक रीति-रिवाजों के अनुसार सम्पन्न हुए।

नये छठ घाट के उद्घाटन से ग्रामीणों में उत्साह की लहर दौड़ी और भविष्य में इस स्थल को छठ पूजा के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने की आशा व्यक्त की गई। सभी ने मिलकर "जय छठी मैया!" का नारा लगाते हुए समारोह का समापन किया।

— Gopal Yadav

उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर छठ महापर्व का हुआ समापन



योगापट्टी प्रखण्ड के सिरिसिया, सेहुड़वा, पडरौन, दरवलिया मिश्रौली, मच्छरगावा आदि प्रखण्ड के सभी छठ घाटों पर सोमवार की सुबह श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। सुबह होते ही व्रती महिलाएं एवं पुरुष नदी, तालाब और विभिन्न छठ घाटों पर पहुंचकर भगवान भास्कर के उदय होने का इंतजार करते नजर आए। सूर्यदेव के दर्शन होते ही व्रतियों ने दूध और पवित्र जल से उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया तथा छठी मैया से अपने परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली, अच्छे स्वास्थ्य और संतान की लंबी आयु की कामना की। घाटों पर छठी मैया के पारंपरिक गीतों और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। अर्घ्य अर्पित करने के बाद व्रतियों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर 36 घंटे के निर्जला व्रत का पारण किया। इसी के साथ चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ श्रद्धा, विश्वास और उत्साह के साथ संपन्न हो गया।

— Amit kumar

धर्म

भागलपुर के छठी घाट पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, सुबह का अर्घ्य देकर की पूजा



बिहार के भागलपुर स्थित छठी घाट पर सुबह का दृश्य अत्यंत भक्तिमय रहा। अवसर था छठ महापर्व का, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और पूरी श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना की।

सुबह की पहली किरण के साथ ही घाट पर श्रद्धालुओं का तांता लग गया। श्रद्धालुओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

भागलपुर के इस छठी घाट पर सुबह के समय अर्घ्य देने के लिए उमड़ी भीड़ ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। श्रद्धालुओं के उत्साह और आस्था के बीच यह धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुआ।

बरारी छठी घाट पर सुबह के समय एक भव्य दृश्य प्रस्तुत हुआ।

यह दृश्य श्रद्धालुओं द्वारा सुबह के अरग अर्पण के दौरान लिया गया।

श्रद्धालुओं ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

छठी घाट पर सुबह के समय एक भव्य दृश्य प्रस्तुत हुआ।

श्रद्धालुओं ने अरग देते हुए इस दृश्य का हिस्सा लिया।

यह दृश्य भक्तों के लिए एक आध्यात्मिक अनुभव था।

भागलपुर के छठी घाट पर सुबह का नजारा श्रद्धालुओं की बड़ी भीड़ के साथ देखा गया, जो छठ पूजा के इस पावन अनुष्ठान में भाग ले रहे थे।

— Abhishek Kumar Pandit, भागलपुर

धर्म

कटोरिया के तेलंगवा गांव में छठ पूजा पर उमड़ी सरधालू की भीड़



कटोरिया के तेलंगवा गांव में छठ पूजा के दौरान उगते सूरज का पूजा करते हुए सरधालू की उमड़ी भीड़ जुटी।

उगते सूरज के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए।

यह आयोजन छठ पूजा के दौरान हुआ।

— Gopal Yadav

धर्म

भागलपुर के बरारी छठी घाट पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, सूर्य देव को दिया गया दूसरा अर्घ्य



बिहार के भागलपुर जिले के बरारी स्थित छठी घाट पर छठ महापर्व के अंतिम दिन श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। बड़ी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ सूर्य देव को दूसरा अर्घ्य अर्पित किया।

घाट पर मौजूद श्रद्धालुओं ने छठी मैया का विधि-विधान से ध्यान किया और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर पूरा वातावरण भक्तिमय रहा और श्रद्धालुओं ने पारंपरिक गीतों के साथ पर्व की खुशियां मनाईं।

बरारी के इस घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बावजूद आस्था का माहौल बना रहा, जहाँ सभी ने अनुशासन के साथ सूर्य देव की उपासना कर इस महापर्व को संपन्न किया।

बरारी में आज श्रद्धालुओं की बड़ी भीड़ इकट्ठा हुई। उन्होंने सूर्य देव को दूसरा अर्घ्य देने के लिए उमड़ कर हिस्सा लिया।

भक्तों ने सूर्य देव की आराधना के साथ ही छठी मैया को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर अर्घ्य के साथ दीप जलाकर और गीत गाकर पूजा की गई।

भीड़ में उपस्थित लोग सभी ने मिलजुल कर इस पावन अनुष्ठान को सफल बनाने में सहयोग किया। यह आयोजन छठ पूजा के महत्व को दर्शाता है और स्थानीय लोगों के आस्था को प्रतिबिंबित करता है।

— Abhishek Kumar Pandit, भागलपुर

स्थानीय

जापानी शिक्षिका काना मियामुरा ने साड़ी में छठ पूजा मनाई, बिहार की परंपरा में डूबीं



जापान की शिक्षिका काना मियामुरा ने नवादा जिले के अकबरपुर प्रखंड अंतर्गत पिरौटा गांव में छठ महापर्व में भाग लेकर भारतीय संस्कृति के प्रति गहरी श्रद्धा दिखाई।

उन्होंने पारंपरिक साड़ी और माथे पर बिंदी पहनकर पूजा में हिस्सा लिया, और दो महीने पहले से ही तैयारी शुरू की थी। इस दौरान उन्होंने अपने खानपान में बदलाव किया और भोजपुरी छठ गीत सीखे और साथ में गाए, जिससे स्थानीय महिलाओं के बीच उनका अपनापन और भारतीय परंपराओं के प्रति सम्मान स्पष्ट हुआ।

यह पहल भारत-जापान के बीच सांस्कृतिक जुड़ाव की सुंदर मिसाल बन गई, और यह दर्शाती है कि आस्था और परंपरा की कोई सीमा नहीं होती।

— Ramlakhan Kumar

स्थानीय

गोसाखाप गाँव में विकास के उपायों पर नागरिकों ने व्यक्त किए विभिन्न विचार



गोसाखाप गाँव में विकास व प्रगति के मार्ग को लेकर स्थानीय नागरिकों ने एकत्रित होकर चर्चा की।

विकास के विभिन्न पहलुओं पर उपस्थित लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए और संभावित उपायों पर सुझाव प्रस्तुत किए।

यह चर्चा गाँव के भविष्य को लेकर सामुदायिक सहभागिता का प्रतीक है, जिससे स्थानीय स्तर पर योजना निर्माण में विविध दृष्टिकोण सम्मिलित हो सकेंगे।

— Anand Kumar

स्थानीय

जेल की चारदीवारी में भी गूँजी छठी मैया की भक्ति: नवादा मंडल कारा में छठ महापर्व का पवित्र आयोजन

नवादा के मंडल कारा जेल परिसर में छठ महापर्व के अवसर पर छठव्रतियों ने पूरे विधि-विधान, निष्ठा और भक्तिभाव के साथ भगवान भास्कर की आराधना की तथा उन्हें अर्घ्य अर्पित कर परिवार और समाज की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

इस दौरान जेल परिसर का माहौल पूरी तरह भक्तिमय नजर आया। छठव्रतियों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार छठ पूजा की सभी आवश्यक धार्मिक परंपराओं का पालन किया। जेल की ऊंची दीवारों के भीतर भी छठी मैया के प्रति अटूट श्रद्धा, विश्वास और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला।

इस पावन अवसर पर मंडल कारा के जेल कर्मियों ने भी छठव्रतियों को आवश्यक सहयोग प्रदान किया। उनके सहयोग से पर्व का आयोजन श्रद्धा और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

छठ महापर्व केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आस्था, संयम, त्याग, पवित्रता और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह पर्व संदेश देता है कि सच्ची श्रद्धा और भक्ति किसी स्थान, परिस्थिति या सीमा की मोहताज नहीं होती।

— Ramlakhan Kumar

अरवल जिले के मधुश्रवा छठ घाट पर सूचना एवं सहायता केंद्र से श्रद्धालुओं को मिली सुविधा, उमड़ी 50 हजार की भीड़



ऐतिहासिक मधुश्रवा शिव मंदिर स्थित छठ घाट पर लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर पूजा व्रती सहयोग समिति मधुश्रवा की ओर से सूचना एवं सहायता केंद्र स्थापित किया गया था। इस केंद्र के माध्यम से छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को आवश्यक सूचना और हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई गई।इस अवसर पर कलेर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुशील कुमार, अंचलाधिकारी उत्तम राहुल, मेहंदिया थानाध्यक्ष मनोरंजन कुमार, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष कुंदन पाठक, पहलेजा पंचायत के मुखिया मुंद्रिका सिंह एवं नीड 24 के पत्रकार कुमार रौशन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वहीं कंट्रोल रूम से श्रद्धालुओं को सूचना एवं आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी नीड 24 के पत्रकार कुमार रौशन संभाल रहे थे।छठ पर्व को लेकर मधुश्रवा जाने वाले चारों मार्गों पर बैरिकेडिंग, रोशनी एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। साथ ही ड्रोन कैमरे से पूरे क्षेत्र की निगरानी की जा रही थी। छठ घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। करीब 50 हजार छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं ने भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया।

चार दिनों तक चलने वाला लोक आस्था का महापर्व सोमवार को उदयीमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ संपन्न हो गया। प्रशासन, पुलिस एवं सहयोग समिति के आपसी समन्वय और सहयोग से छठ पूजा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।

— Kumar Raushan

छठ पूजा के दौरान पोखर में डूबने से 22 वर्षीय युवक की मौत, इलाके में मातम।



छठ पूजा के दौरान पोखर में डूबने से 22 वर्षीय युवक की मौत, इलाके में मातम

नमस्कार आप देख रहे हैं need24 News

समस्तीपुर। मुसरीघरारी थाना क्षेत्र अंतर्गत गोहदा में छठ पूजा के दौरान एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। पोखर में डूबने से 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई।

मृतक की पहचान सुगापाकड़ निवासी कमलेश राय के पुत्र सोनू कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि युवक पोखर में डूब गया था। करीब एक घंटे बाद ग्रामीणों ने उसे पोखर से बाहर निकाला।

इस दुखद घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है, वहीं पूरे इलाके में शोक की लहर है।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य दें।

Reporter MD PARWEZ

Madhepur madhubani

— Md Parwez

हमीदपुर (गोपालगंज, बिहार) में छठ महापर्व का सफल समापन, सूर्योदय के साथ अर्घ्य अर्पित



हमीदपुर, गोपालगंज (बिहार) में चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन आज सुबह हुआ। स्थानीय व्रतियों ने 7:05 बजे सूर्योदय होते ही नदी, तालाब व अन्य जलाशयों पर खड़े होकर उदीयमान सूर्य को विधिवत अर्घ्य अर्पित किया।

पवित्र घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और वातावरण छठी मैया के पारंपरिक गीतों व भक्तिमय जयकारों से गूंज उठा। व्रतियों ने भगवान सूर्य देव एवं छठी मैया से अपने परिवार की सुख-समृद्धि, शांति, खुशहाली और अच्छे स्वास्थ्य की मंगलकामना की।

इस पावन अवसर पर लोगों में विशेष उत्साह और श्रद्धा देखी गई, जिससे सामाजिक एकता, आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश पुनः स्पष्ट हुआ। अर्घ्य अर्पण के साथ ही 36 घंटे के निर्जला व्रत का पारण कर चार दिवसीय छठ महापर्व का विधिवत समापन हुआ।

स्थान: ग्राम हमीदपुर, पोस्ट राजापट्टी, थाना बैकुंठपुर, जिला गोपालगंज, बिहार, पिनकोड 841420।

— Amit Kumar

धर्म

नवादा के मिर्जापुर सूर्य मंदिर में छठ घाट पर भास्कर महोत्सव का भव्य उद्घाटन



रविवार, 15 नवंबर 2026 को नवादा शहर के मिर्जापुर सूर्य मंदिर छठ घाट पर भास्कर महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। उप विकास आयुक्त शम्भू शरण पाण्डेय ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में छठ व्रती, श्रद्धालु और स्थानीय लोग उपस्थित रहे, जिससे घाट पर श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। पूरे परिसर में भक्तिमय और उत्सवी माहौल बना रहा।

महोत्सव का मुख्य उद्देश्य छठ पर्व की धार्मिक महत्ता, पारंपरिक रीति-रिवाजों और बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को उजागर करना तथा सूर्य देवता एवं छठी मैया की अटूट आस्था को एक मंच प्रदान करना था।

पदाधिकारी, नवादा सदर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, कला एवं संस्कृति पदाधिकारी तथा अन्य गणमान्य अधिकारी उपस्थित रहे।

अर्घ्य अर्पित करने के पावन क्षण में भगवान भास्कर के प्रति श्रद्धा के जयकारों से घाट गूंज उठा, जिससे मिर्जापुर सूर्य मंदिर छठ घाट की रौनक और बढ़ी।

— Ramlakhan Kumar

धर्म

छठ पूजा का भव्य समापन, जिला सचिव अंकित कुमार ने किया संचालन



छठ पूजा का भव्य समापन भोले थाना के छठियाव पंचायत में सुबह के समय हुआ। इस धार्मिक आयोजन को स्थानीय प्रशासन ने बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया।

समारोह में जिला सचिव अंकित कुमार ने मुख्य संचालन किया और सभी अनुष्ठानों की देखरेख की। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को धन्यवाद दिया और कार्यक्रम की सफलता की सराहना की।

पूजा में सूर्यास्त के समय अर्घ्य, ककड़ी, नारियल आदि से अर्पित किए गए और पारम्परिक गीत-भजन का आयोजन भी किया गया। सभी ने मिलकर इस पावन अवसर को धूमधाम से मनाया।

स्थानीय प्रशासन ने इस अवसर पर स्वच्छता और सुरक्षा उपायों को भी लागू किया, जिससे कार्यक्रम सुगमता से संपन्न हो सका।

— News report

धर्म

छठ महापर्व सफलतापूर्वक संपन्न हुआ भोरे थाना के छठियाव पंचायत में



भोरे थाना के छठियाव पंचायत में आज सुबह छठ महापर्व का आयोजन हुआ और सभी धार्मिक अनुष्ठान बिना किसी रुकावट के सम्पन्न हुए। इस पावन अवसर पर स्थानीय निवासियों ने सवेरा अर्घ्य, दिहाड़ी अर्घ्य और संध्या अर्घ्य सहित सभी मुख्य रस्में अंजाम दीं।

राष्ट्र के विभिन्न भागों से आए श्रद्धालुओं ने नदी किनारे स्नान कर शुद्धिकरण किया और सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया। महिलाएँ और बच्चे विशेष रूप से तैयार किए गए प्रसाद एवं फल-फूल लेकर अर्घ्य में भागीदारी निभाते रहे।

सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया, जिससे कार्यक्रम सुगमता से चल सका। आयोजकों ने कहा कि इस वर्ष छठ महापर्व का आयोजन पिछले वर्षों की तुलना में अधिक सहभागिता के साथ संपन्न हुआ और यह क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर को सुदृढ़ करने में सहायक रहा।

— News report

धर्म

समस्तीपुर के सतमलपुर में आजाद चौक के पोखर पर छठ पूजा की रौनक



समस्तीपुर जिले के सतमलपुर स्थित आजाद चौक में शिव मंदिर के बगल में स्थित पोखर पर छठ महापर्व का आयोजन देखा गया। रात के समय दीपों और रोशनी से जगमगाता घाट स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहा है।

केले के थैले, फूल-मालाएँ और रंग-बिरंगी सजावटी लाइटों ने पूरे पूजा स्थल को आकर्षक रूप दिया है। पोखर के किनारे सूप, फल और अन्य पूजा सामग्री रखी गई है।

श्रद्धालु और स्थानीय लोग घाट पर मौजूद होकर छठ पूजा की परम्पराओं में भाग ले रहे हैं। दीपों की रोशनी और सजी हुई पूजा सामग्री ने घाट के माहौल को भक्तिमय बना दिया है।

छठ महापर्व लोक आस्था का प्रमुख पर्व है, जिसमें व्रती भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना करते हैं। सतमलपुर के इस पोखर पर भी श्रद्धालुओं में उत्साह स्पष्ट दिख रहा है।

स्थानीय लोगों ने सभी से अपील की है कि घाट पर स्वच्छता बनाए रखें और पोखर के किनारे सावधानी बरतें, ताकि सभी श्रद्धालु सुरक्षित तरीके से पूजा कर सकें।

— Deepak Kumar

धर्म

पाकुड़िया छठ पूजा समिति के नेतृत्व में भव्य संध्या अर्घ्य, घाटों पर उमड़ी आस्था की भीड़



पाकुड़िया छठ पूजा समिति ने इस वर्ष छठ महापर्व को बड़े ही भव्य और भक्तिमय वातावरण में मनाया। समिति ने पाकुड़िया के सभी मुख्य छठ घाटों को रंग-बिरंगी झालर लाइटों, फूल-मालाओं और गेंदे के फूलों से दुल्हन की तरह सजाया।

व्रती और श्रद्धालु घाटों पर पहुंचे। उन्होंने बाँस के सूप में ठेकुआ, कसार, फल, नारियल और प्रसाद लेकर घुटने भर पानी में खड़े होकर डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया तथा परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

समिति के सदस्यों और स्थानीय युवाओं ने मिलकर घाटों की साफ-सफाई, रोशनी, बैठने की व्यवस्था, पेयजल और सुरक्षा का विशेष प्रबंध किया। स्वयंसेवक पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा में लगे रहे।

पूरे पाकुड़िया में छठी मैया के पारंपरिक गीतों से भक्तिमय माहौल बना रहा, और समिति के अनुसार इस वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या पिछले वर्षों की तुलना में काफी अधिक रही।

कल सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के बाद महापर्व का समापन होगा, समिति ने सभी श्रद्धालुओं से शांति और अनुशासन बनाए रखने की अपील की है।

— Jai Prakash Bhagat

धर्म

विजय स्पोर्टिंग क्लब, विजय बाबू पोखर छठ घाट का हुआ भव्य उद्घाटन; गणमान्य अतिथियों ने की व्यवस्थाओं की सराहना



कटिहार:15 नवंबर 2026

लोक आस्था के महापर्व छठ के पावन अवसर पर विजय स्पोर्टिंग क्लब, विजय बाबू पोखर छठ घाट का विधिवत एवं भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जिले के कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकेश्वर प्रसाद, विधान पार्षद अशोक अग्रवाल, कटिहार की मेयर उषा देवी अग्रवाल, और उप मेयर मंजूर खान शामिल हुए। इनके साथ ही पूर्व सांसद दुलारचंद गोस्वामी, विधायक विजय सिंह, निखिल कुमार चौधरी, और मनोज राय समेत कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

छठ महापर्व की शुभकामनाएं दीं और विजय स्पोर्टिंग क्लब द्वारा घाट पर की गई तैयारियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि व्रतियों की सुविधा के लिए क्लब के सदस्यों द्वारा की गई साफ-सफाई, आकर्षक विद्युत सज्जा, और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम अत्यंत सराहनीय हैं। क्लब के पदाधिकारियों और स्वयंसेवकों ने सभी आगत अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया और विश्वास दिलाया कि छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी।

इस मौके मे विजय स्पोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष श्री विकाश सिंह, महासचिव मो० नौशाद, आजाद सिंह, सुरज कुमार, राजीव विश्वकर्मा,प्रेम साह, मनोज कुमार चूननू सहित कमिटी के अन्य सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे।

— Raju Choudhary

स्थानीय

बागलपुर के नवगछिया में मिल टोला में भीषण आग, गंगा पार नहीं कर पाते लोग



बागलपुर के नवगछिया क्षेत्र के मिल टोला में अचानक भीषण आग लग गई, जिससे आसपास के निवासियों को तत्काल खतरा उत्पन्न हो गया। स्थानीय अधिकारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और आग बुझाने के प्रयास शुरू किए।

आग की तीव्रता के कारण रात में गंगा नदी को पार करना असंभव हो गया। कई लोग जो सामान्यतः नदी के पुल से यात्रा करते थे, उन्हें अब सुलतानगंज-मुंगेर के मार्ग से कई घंटे अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। यह असुविधा विशेषकर उन लोगों के लिए कठिनाई पैदा कर रही है जो काम या आपातकालीन कारणों से जल्दी पहुंचना चाहते हैं।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस स्थिति से उनका दैनिक जीवन बाधित हो गया है और वे विकास की कमी पर सवाल उठा रहे हैं। अधिकारियों से अपेक्षा की जा रही है कि वे जल परिवहन की सुविधा बहाल करने या वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था करने के लिए त्वरित कदम उठाएँ।

— Ashish Kumar